तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



दिल्ली में थल सेना शिविर का आदित्य ने किया प्रतिनिधित्व

कांकेर के एनसीसी कैडेट आदित्य ने दिल्ली में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रशिक्षण के दम पर कांकेर के युवा एनसीसी कैडेट आदित्य नामदेव ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के एनसीसी कैडेट आदित्य नामदेव पिता लक्ष्मी नारायण नामदेव ने नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया थल सैनिक शिविर के 10 दिवसीय कैंप में भाग लेकर मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने हेल्थ एवं हाइजीन विधा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। थल सैनिक शिविर में शामिल होना एनसीसी कैडेट्स के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। इसके लिए चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में आयोजित की जाती है, जिसमें कैडेट्स के प्रदर्शन के आधार पर लगातार छंटनी होती है। आदित्य नामदेव सहित अन्य कैडेट्स को पिछले दो माह से रायपुर और बिलासपुर में आयोजित कुल पांच प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक शिविर ⏭शेष पेज 10 पर

खास खबर



सिंगनपुर में गांजे की खेती का राज खुला,पौधा उगाने वाला तस्कर गिरफ्तार

साड़ी के घेरे में छिपा 3.600 किलो का गांजा पौधा जब्त, आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

गांजा की खेती उजागर करने में सरोना पुलिस की रही महती भूमिका

घर की बाड़ी में नारियल पेड़ के नीचे गांजे का बड़ा पौधा उगाकर उसे साड़ी की आड़ में छिपाकर खेती करने वाले गांजा तस्कर को सरोना पुलिस को दबोचने में सफलता मिली। गांजा तस्कर की बाड़ी से जब्त पौधे का वजन 3 किलो 600 ग्राम है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। सरोना पुलिस को 29 सितंबर 2026 को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम सिंगनपुर निवासी ⏭शेष पेज 10 पर

अलग खबर







साड़ी की आड़ में गांजे की खेती

घर की बाड़ी में गांजे की खेती कर उसे छिपाने के लिए गांजा तस्कर ने अनोखा तरीका अपनाया था। नारियल पेड़ के नीचे उगाए गए गांजे के बड़े पौधे के चारों ओर साड़ी का घेरा बनाकर उसे ढक दिया गया था, ताकि किसी की नजर आसानी से उस पर न पड़े। गांजा तस्कर को उम्मीद थी कि घर की बाड़ी में छिपा यह पौधा पुलिस की नजर से बच जाएगा। सरोना पुलिस की सक्रियता का परिणाम रहा कि साड़ी की आड़ में छिपे गांजे के पौधे को बरामद करने में सफल रहे।

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने मौके से गांजे के पौधे को विधिवत जब्त किया। उसका कुल वजन 3 किलो 600 ग्राम पाया गया। पुलिस ने जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 1,80,000 बताई है। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी भुनेश्वर साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसके विरुद्ध थाना सरोना में अपराध क्रमांक 43/2026, धारा 20(क) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

सरोना थाना के निरीक्षक योगेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक केजूराम रावत, सहायक उप निरीक्षक गोपाल, सहायक उप निरीक्षक शंकर शोरी, आरक्षक डोमेश नागेश, दिलीप सलाम, लखन भास्कर, चन्द्रप्रकाश मरकाम, महिला आरक्षक अमिला उईके एवं भगवती कांगे का विशेष योगदान रहा।

दुकान में सेंधमारी, दो अपचारी बालक अभिरक्षा में, बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



थाना ताड़ोकी क्षेत्र में दुकान में सेंधमारी कर मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब दो घंटे के भीतर चोरी का पूरा मशरूका बरामद कर लिया। मामले में दो विधि संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल और एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी जब्त की है। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 सितंबर को ताड़ोकी निवासी कमलेश देवांगन ने थाना ताड़ोकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी दुकान में सेंधमारी कर मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 10/2026 के तहत धारा 305(अ), 331(4) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने त्वरित सूचना संकलन कर संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद दो विधि संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में ⏭शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

विधायक सावित्री दिल्ली की बैठक में शामिल हुईं



कांकेर। नई दिल्ली में आयोजित दलित-आदिवासी आत्मसम्मान की बैठक में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल हुईं। बैठक में सामाजिक समानता, आत्मसम्मान, संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होने अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के अधिकारों, सम्मान और समान अवसर पर चर्चा करते हुए भेदभाव एवं असमानता दूर करने पर जोर दिया गया। विधायक मंडावी ने भी विमर्श में सहभागिता की।

सर्पदंश से महिला की मौत, विवेचना प्रारंभ

कांकेर। नरहरपुर थानांतर्गत कुराल ठेमली निवासी 25 वर्षीय हेमलता सलाम पति राकेश सलाम का इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका की साप ने काट लिया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

ओटेकसा व चाउरगांव को पानी टैंकर की सौगात



दुर्गूकोंदल। विधायक सावित्री मनोज मंडावी की पहल पर ग्राम पंचायत ओटेकसा एवं चाउरगांव को पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टैंकर प्रदान किए गए। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जनपद पंचायत दुर्गूकोदल अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि टैंकरों से विवाह, धार्मिक, सामाजिक एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों में पानी की सुविधा मिलेगी। उन्होंने विधायक की पहल की सराहना करते हुए आभार जताया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

दमकसा-हाटकोंदल में सूखे के हालात किसानों से सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

परेशान किसान 56 ट्रैक्टरों में सवार होकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



बारिश की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में पर्याप्त नमी नहीं होने और धान सहित अन्य खरीफ फसलों की स्थिति कमजोर होने से परेशान दमकसा एवं हाटकोंदल लैम्प क्षेत्र के किसानों ने बुधवार को अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाई। क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान करीब 56 ट्रैक्टरों एवं अन्य वाहनों में सवार होकर ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र के सभी गांवों को सूखा प्रभावित घोषित करने तथा तत्काल फसल क्षति का सर्वे कराने की मांग की।

किसानों ने बताया कि इस वर्ष बारिश का क्रम सामान्य नहीं रहा। पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ फसल की बोआई और रोपाई के दौरान ही किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसी तरह कृषि कार्य पूरा करने के बाद भी खेतों में पर्याप्त पानी और नमी नहीं होने से फसलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है और उत्पादन में भी बड़ी कमी आने की आशंका है। किसानों ने दमकसा एवं हाटकोंदल लैम्प क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों को सूखाग्रस्त घोषित करने, तत्काल फसल क्षति का सर्वे कराने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पात्र किसानों को बीमा राशि दिलाने की मांग की। इसके अलावा कृषि कार्य के ⏭शेष पेज 10 पर

कीट और रोगों का भी प्रकोप

किसानों के अनुसार कई खेतों में धान की फसल पर माहू, तना छेदक, ब्लाइट और ब्लास्ट जैसे कीट एवं रोगों का प्रकोप दिखाई दे रहा है। कुछ स्थानों पर धान की फसल पीली पड़ने लगी है। कम बारिश के बीच फसल में बीमारी और कीटों के प्रकोप ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। किसानों ने कहा कि खरीफ सीजन की तैयारी में खाद, बीज, कीटनाशक, खेत की तैयारी, बोआई और रोपाई में पहले ही काफी खर्च हो चुका है। कई किसानों ने कृषि कार्य के लिए कर्ज भी लिया है। ऐसे में फसल खराब होने पर उनके सामने आर्थिक संकट गहरा सकता है।

लैंपस बासनवाही की आमसभा में किसानों हितों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही



किसानों की आर्थिक मजबूती और ग्रामीण विकास में सहकारिता की भूमिका को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लेम्प्स बासनवाही में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। समिति परिसर में आयोजित इस बैठक में ⏭शेष पेज 10 पर

नाले में मिला महिला का शव, मर्ग कायम

कांकेर। छोटेबेठिया थानांतर्गत पकुरकल और बेनूर के बीच नाला में 40 वर्षीय नीरजो टोपो पति पतरस का शव बरामद किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका का अज्ञात कारणों से मौत हो गया था व उसका शव बरसाती नाला में पड़ा हुआ मिला। परिजनों की जानकारी के आधार पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

बस की ठोकर से मार्निंग वॉक करती महिला घायल, पालतू कुत्ते की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



सुबह की सैर पर निकली एक महिला के लिए बुधवार की सुबह उस समय दर्दनाक बन गई, जब तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से उसके पालतू कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में महिला भी सड़क किनारे गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद महिला ने बांदे थाने पहुंचकर बस चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज ⏭शेष पेज 10 पर



हथियारों के साथ मिला प्रिंटिंग सेटअप, जाली नोट छापने की भी आशंका

पुसगटटा के जंगल में नक्सलियों का डंप, दो रायफल व 11 कारतूस जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर





नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कांकेर जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जिला बल, बीएसएफ और बीडीएस की संयुक्त टीम ने थाना बांदे-छोटेबेठिया क्षेत्र में सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए डंप का पता लगाकर हथियार, कारतूस और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की है। जानकारी के अनुसार कांकेर-गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) सीमा से लगे ग्राम दागुनटोला और पुसगटटा के बीच जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार ⏭शेष पेज 10 पर

प्रिंटर से नक्सली पर्चे या नोट छापने की आशंका

सुरक्षा बलों को बरामद डंप में दो प्रिंटर मिलना भी जांच का महत्वपूर्ण बिंदु माना जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर चर्चा है कि इन प्रिंटरों का इस्तेमाल नक्सली संगठन द्वारा नोट, नक्सली पर्चे, नोटिस और प्रचार सामग्री तैयार करने के लिए किया जाता रहा होगा। हालांकि प्रिंटर के वास्तविक उपयोग को लेकर पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी सामने नहीं आई है। सुरक्षा एजेंसियां बरामद सामग्री की जांच कर रही हैं। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इन प्रिंटरों का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जा रहा था।

जंगल के पहाड़ी क्षेत्र में छुपाया था

सुरक्षा बलों द्वारा बरामद डंप से 12 बोर की एक सिंगल बैरल रायफल और एक डबल बैरल रायफल, कुल 11 नग कारतूस, दो प्रिंटर सहित अन्य नक्सली सामग्री जब्त की गई है। बरामद सामग्री को सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में छिपाकर रखे गए इस डंप की बरामदगी को अभियान के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। मंगलवार को चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व बीएसएफ 94 वीं वाहिनी के इंस्पेक्टर एचएन शर्मा और इंस्पेक्टर हनुमान सहाय मीणा द्वारा किया जा रहा था।

खबर संक्षेप



जूनियर एवं सीनियर वर्ग क्रिकेट चयन प्रक्रिया दो एवं तीन अक्टूबर

भानुप्रतापपुर। सत्र 2027-28 के लिए जिले के विभिन्न आयु वर्गों की क्रिकेट चयन प्रक्रिया 2 एवं 3 अक्टूबर को नवागाँव भावगीर स्थित एनसीजी क्रिकेट मैदान में आयोजित की जा रही है। चयन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए चयन पूर्व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है।

अंडर-14 एवं अंडर-16 वर्ग का चयन 2 अक्टूबर को प्रातः 08 बजे एवं अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग का चयन 3 अक्टूबर प्रातः 8 बजे होगा। अंडर-14 वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2012 से 31 अगस्त 2014 तथा अंडर-16 वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 रखी गई है। अंडर-23 वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2004 से 31 अगस्त 2008 रखी गई है।

महतारी वंदन योजना बनी संतोषी के परिवार का सहारा

कांकेर। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही उनके परिवार की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दुर्गूकोंदल परियोजना अंतर्गत सेक्टर कोण्डे के ग्राम गुमड़ीडिही निवासी संतोषी जैन भी इस योजना से लाभान्वित होकर अपने बच्चों की पढ़ाई और बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए आर्थिक रूप से मजबूत कदम उठा रही हैं।

गुमड़ीडिही निवासी संतोषी जैन ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करने के लिए परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। योजना के तहत प्रत्येक माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है, जिसे संतोषी जैन बेहतर तरीके से उपयोग कर रही हैं। वह अपनी बेटी के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से सुकन्या समृद्धि खाता संचालित कर रही हैं, जिसमें हर माह 500 रुपये जमा करती हैं, शेष राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई एवं उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने में कर रही हैं।

नरहरपुर के वार्डों का 14 अक्टूबर को आरक्षण

कांकेर। नगर पंचायत नरहरपुर निर्वाचन 2026 के लिए वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही 14 अक्टूबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में की जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर सरस्वती बंजारे को नोडल अधिकारी तथा नगर पंचायत नरहरपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी रोशन सिंह ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी सहायता के लिए सहायक ग्रेड-03 गणेश राम ध्रुव को दायित्व सौंपा गया है।

रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल के सदुपयोग और संरक्षण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय लाल कालिंद सिंह महाविद्यालय अंतागढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा जल संरक्षण एवं जल के सदुपयोग के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल एवं जल जीवन मिशन के महत्व का संदेश आमजन तक पहुंचाया।

जागरूकता रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार दर्रा ने महाविद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर राजीव गांधी चौक तक पहुंची। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को जल का संरक्षण करने, पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक किया।

रैली के पश्चात अंतागढ़ बाजार स्थल पर ''जल जीवन मिशन'' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता, जल स्रोतों के संरक्षण तथा पानी के सदुपयोग के महत्व को सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि जल हमारे जीवन का आधार है। इसका संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रमों में योजनाओं की जानकारी के साथ कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बडेतोपाल के आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के हित में कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा दीदियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत आंगनबाड़ी केंद्र में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेश उइके, अमरसिंह नरवास एवं ग्राम पंचायत बडेतोपाल के उप सरपंच एवं पंचगण, परियोजना अधिकारी जगेश्वर परते, पर्यवेक्षक कृष्णा पवार सहित ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

लखनपुरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन सम्मानित

चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लखनपुरी अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को उनके सेवाभावी कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष चारामा जागेश्वरी भास्कर, जनपद सदस्य संतोषी सिन्हा, अमीता बंजारे, लोखनी पटेल, परियोजना अधिकारी चारामा गंगा पोया, सेक्टर पर्यवेक्षक चित्रेश्वरी जैन, निलिमा उसेण्डी, सुनीता मंडावी, ग्राम सरपंच सुरेन्द्र मरकाम, निर्मल मेश्राम सहित पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, मितानिन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विधायक ने किया बेवरती के कार्यकर्ताओं का सम्मान

परियोजना कांकेर अंतर्गत सेक्टर कोदाभाट के आंगनबाड़ी केंद्र बेवरती-2 में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक आशाराम नेताम एवं ग्राम पंचायत बेवरती के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राही मुकेश्वरी निषाद ने योजना से प्राप्त राशि का उपयोग स्वयं एवं अपने बच्चे के स्वास्थ्य तथा पोषण पर करने की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र बेवरती में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनोरमा तिवारी एवं सहायिका कंचन नेताम को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

खाद्य विभाग ने लगाया सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा न्यू कम्युनिटी हॉल, कांकेर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में हितग्राहियों को खाद्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ आधार प्रमाणीकरण, नए राशन कार्ड के लिए आवेदन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन से संबंधित जानकारी एवं सुविधाओं के बारे में भी हितग्राहियों को अवगत कराया गया। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से विभिन्न विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आम नागरिकों तक पहुंचा रहे हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के अलग-अलग स्थानों पर सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए दूर न जाना पड़े। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

खाद्य सचिव ने चारामा की उचित मूल्य दुकानों और लैम्प्स का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु शिविर में शामिल होने के लिए कांकेर प्रवास पर पहुंची सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन रीना बाबासाहेब कंगाले ने चारामा विकासखंड की शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था, राशनकार्डधारियों की ई-केवायसी तथा खाद्यान्न वितरण की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सचिव रीना कंगाले ने चारामा शहरी क्षेत्र अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित चारामा एवं किसान विपणन सहकारी समिति चारामा द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के लखनपुरी स्थित मां शक्ति स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन कार्डधारियों की लंबित ई-केवायसी की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए और साथ ही माह सितंबर 2026 के शेष खाद्यान्न का तत्काल वितरण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न प्राप्त हो सके। उन्होंने उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने पर भी जोर दिया। इसके पश्चात सचिव रीना कंगाले ने लैम्प्स चारामा का निरीक्षण किया।

उन्होंने वहां कृषकों से संबंधित एग्रीस्टेक एवं किसान पंजीयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को पंजीयन एवं एग्रीस्टेक से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं व मितानिनें प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित

अंतागढ़। व्यापक सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को देहारी पारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, माताओं एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ समुदाय की सहभागिता को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान मेरी पौष्टिक थाली, न्योता भोज, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, अन्नप्राशन एवं गोदभराई सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित आहार तथा पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया।

भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एवं हिंदी माध्यम विद्यालय, भानुप्रतापपुर में विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने डिजिटल भारत, स्वच्छ भारत, नक्सलवाद एवं नया कश्मीर जैसे समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने संबंधित विषयों के विभिन्न पहलुओं को सरल, तार्किक एवं प्रभावी तरीके से सामने रखते हुए अपनी वक्तृत्व क्षमता का परिचय दिया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से सामाजिक एवं समसामयिक विषयों को कागज पर जीवंत रूप प्रदान किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित विद्यार्थी 3 अक्टूबर को प्रस्तावित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड भानुप्रतापपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, नरोत्तम सिंह चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, राजा पांडे, मंडल अध्यक्ष डीगेश खापर्डे, राजू श्रीवास, गिरधारी नरेटी, संकेत नसीने, पार्षद सुमित्रा साहू, जुगल किशोर शर्मा, संगीता टाडिया, शकुंतला यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी छमा सोनल, बीआरसी राधेलाल नुरेटी, प्राचार्य टीकेएस ठाकुर सहित विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, संकुल समन्वयक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी विद्यार्थी मौजूद रहे।

पेज 09 के शेष...

साड़ी के घेरे में छिपा 3.600 किलो ...

52 वर्षीय भुनेश्वर साहू पिता स्व. रत्तीराम साहू ने अपने घर की बाड़ी में नारियल पेड़ के नीचे अवैध रूप से गांजे की खेती कर रहा है। मुखबिर ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी कथित तौर पर गांजे की बिक्री के उद्देश्य से पौधे को तैयार कर रहा है। पुलिस ने इस खबर की पतासाजी किया और मामले को गंभीरता से लेते हुए सरोना थाना प्रभारी योगेंद्र वर्मा ने पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू एवं एसडीओपी हरिश पाटिल के संज्ञान में लाकर मार्गदशन माँगा। वरिष्ठ अधिकारियों से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने के बाद थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने बिना समय गंवाए गांजा तस्कर के घर और बाड़ी में दबिश देने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम जब आरोपी के घर पहुंची तो आसपास के क्षेत्र और बाड़ी की बारीकी से तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस की नजर नारियल पेड़ के नीचे मौजूद एक बड़े पौधे पर पड़ी। नजदीक जाकर जांच करने पर पौधा गांजे का पाया गया। पुलिस के अनुसार गांजा तस्कर ने इस पौधे को सामान्य नजरों से बचाने के लिए उसके चारों ओर साड़ी का घेरा बनाकर उसे छिपाने का प्रयास किया था। दूर से देखने पर साड़ी के कारण पौधा आसानी से दिखाई नहीं देता था। पुलिस की सतर्कता के चलते गांजा तस्कर की यह कथित चालाकी काम नहीं आई। पुलिस ने मौके से गांजे के पौधे को बरामद कर लिया और उसे विधिवत जब्त करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया।

दिल्ली में थल सेना शिविर का ...

करीब 10 दिनों का था। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स की दक्षता, अनुशासन और प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को अगले चरण के लिए चयनित किया गया। हेल्थ एवं हाइजीन विधा में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय से कुल छह कैडेट्स ने ऑल इंडिया थल सैनिक शिविर में हिस्सा लिया। इस उपलब्धि पर 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी एनसीसी कांकेर के कमान अधिकारी कर्नल सुमीत शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार रामटेके, मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार साहू, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विजय प्रकाश साहू सहित एनएसएस अधिकारी प्रो. अलका केरकेट्टा, डॉ. आशीष नेताम, डॉ. नेल्सन खेस, एनसीसी प्रशिक्षक सूबेदार राजेश खलको, सीएचएम राकेश कुमार सहित अन्य सैन्य प्रशिक्षकों और महाविद्यालय परिवार ने कहा कि यह उपलब्धि कांकेर की है।

दुकान में सेंधमारी, दो अपचारी...

घटना में उनकी संलिप्तता सामने आने पर उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मौके से दो मोबाइल फोन, एक एचटीसी ट्रिमर, एक श्याओमी पावर बैंक, घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल तथा हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की। बरामद सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 25 हजार रुपये है। प्रकरण में विधिसम्मत कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों विधि संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल, प्रधान आरक्षक राजमन कोमरो, आरक्षक संजीत महावीर, आरक्षक विष्णु मंडावी, आरक्षक पंकज मरकाम सहित थाना ताड़ोकी पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

दमकसा-हाटकोंदल में सूखे के हालात ...

लिए गए कर्ज में राहत अथवा कर्ज माफी पर विचार करने तथा आवश्यक राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई।

गांव-गांव और खेत-खेत सर्वे की मांग: ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर गांव-गांव और खेत-खेत जाकर फसल की वास्तविक स्थिति का सर्वे कराने की मांग की। किसानों का कहना है कि मौके पर वास्तविक स्थिति का आकलन होने से अल्पवर्षा और फसल क्षति की स्थिति स्पष्ट होगी तथा उसके आधार पर प्रभावित किसानों को नियमानुसार राहत और मुआवजा उपलब्ध कराया जा सकेगा। ज्ञापन सौंपने यह रहे शामिल: ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व आदिवासी समाज दुर्गूकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर नेताम, उपाध्यक्ष सियाराम दर्रो, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, सोपसिंह आंचल, सोमदेव कोरोटी, दीनदयाल पटेल, बाबूलाल कोला, मुकेश दर्रो, पूनऊ राम दुग्गा, तोरण दुग्गा, धर्मेंद्र नेताम, रमेश देहारी, प्यारे लाल दुग्गा, निर्मला देहारी, उमेश्वरी मंडावी सहित बड़ी किसान, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लैंपस बासनवाही की आमसभा ...

किसानों, ग्रामीण सदस्यों, पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। आमसभा में समिति की उपलब्धियों की समीक्षा के साथ किसानों की जरूरतों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजित बैठक की शुरुआत समिति द्वारा गत वर्ष किए गए कार्यों, वित्तीय गतिविधियों और किसानों को उपलब्ध कराई गई विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने समिति की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता को लेकर अपने विचार साझा किए। साथ ही समिति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे गए। आमसभा में वक्ताओं ने कहा कि सहकारिता केवल ऋण लेने और देने तक सीमित व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समिति के माध्यम से किसानों को समय पर आवश्यक कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों को खाद, बीज और कृषि ऋण समय पर उपलब्ध कराने के लिए समिति प्रतिबद्ध है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता का दायरा बढ़ाने और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने की दिशा में भी कार्य करने की बात कही गई।

बस की ठोकर से मार्निंग वॉक ..

कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के पीछे बांदे निवासी 55 वर्षीय बकुल हालदार पति स्व. परिमल हालदार रोजाना की तरह बुधवार सुबह करीब 6 बजे अपने पालतू कुत्ते जैकी के साथ मार्निंग वॉक पर निकली थीं। दोनों टहलते हुए पखांजूर रोड स्थित पेट्रोल पंप के आगे पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से रोडवेज की बस क्रमांक सीजी 04 ईए 3330 तेज रफ्तार से आई। महिला के मुताबिक बस के पीछे से अचानक आवाज आने पर वह घबरा गईं और अपना संतुलन खोकर सड़क किनारे गिर पड़ीं। इसी दौरान बस की चपेट में उनका पालतू कुत्ता जैकी आ गया। बस से कुचलने के कारण जैकी की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से महिला भी सदमे में आ गईं। घटना में उनके दाहिने कंधे और दाहिनी कमर में चोटें आई हैं। हादसे के बाद पीड़ित महिला ने बांदे थाना पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुसगटटा के जंगल में नक्सलियों ...

को संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम द्वारा सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान जवानों को जंगल के भीतर नक्सलियों द्वारा सामग्री छिपाकर रखे जाने के संकेत मिले। सुरक्षा बलों ने इलाके की बारीकी से तलाशी लेते हुए संदिग्ध स्थान की जांच की, जहां से नक्सलियों का डंप बरामद किया गया। **डंप की खोज लगातार जारी:** पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा जिले के संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। यह कार्रवाई बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बद्री नारायण मीणा, डीआईजी बीएसएफ भानुप्रतापपुर दीपक तिवारी, पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राखेचा तथा 94वीं वाहिनी बीएसएफ बांदे के सेनानी रविन्द्र सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में की गई और लगातार जारी है।

लंबित भुगतान कराने की माँग लेकर मजदूरों ने दिया धरना, कार्यालय का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ तेंदू पत्ता हमाल मजदूर संघ द्वारा गोदामीकरण की अवशेष राशि का भुगतान करने की माँग लेकर मंगलवार को भानुप्रतापपुर के दोनों वनमंडल कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं कार्यालय का घेराव किया गया।

मजदूरों ने बताया कि तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2026 में फड़ से अस्थाई गोदाम तक आने वाले तेंदू पत्ता बोरे की थप्पी व परिवहन का कार्य किया गया जिसका कुछ भुगतान लम्बित है। जून माह में कुछ भुगतान किया गया था उसके बाद से कई बार आवेदन देने के बावजूद केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है। इसलिए सभी मजदूर आंदोलन के लिए बाध्य हुए है। संघ के अध्यक्ष सुजीत चक्रधारी ने बताया कि दोनों वनमंडल मिलाकर लगभग 350 मजदूर है, जिनका 10-12 लाख का भुगतान लम्बित है। पश्चिम वनमंडल का 5 लाख रुपये वहीं पूर्व वनमंडल का 6 लाख रुपये भुगतान बकाया है। वनमंडल के तेंदू पत्ता शाखा प्रभारी के अनुसार मजदूरों ने तय दर से 4.19 रुपये अधिक दर पर मजदूरी कार्य किया है, जिसकी राशि भुगतान के लिए उच्च कार्यालय से आबंटन व अनुमति मांगी गई है। जैसे ही आबंटन प्राप्त होगा मजदूरी भुगतान कर दिया जाएगा। मांगे गए आबंटन में पूर्व वनमंडल का 3 लाख और पश्चिम वनमंडल का 2 लाख 89 हज़ार रुपये की स्वीकृति के लिए लेख किया गया है।

खबर संक्षेप

सेवानिवृत्ति पर 4 शासकीय सेवकों को मिला पीपीओ और जीपीओ

कोण्डागांव। जिला कार्यालय में बुधवार को सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सितंबर माह में सेवानिवृत्त हुए 4 शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश पीपीओ एवं ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जीपीओ की प्रतियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ एवं जीपीओ सौंपे। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला कोषालय द्वारा पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। इसके तहत संबंधित कर्मचारियों के पेंशन प्राधिकार आदेश सेवानिवृत्ति के दिन ही जारी किए गए, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन संबंधी प्रक्रिया के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों में गृह विभाग के निरीक्षक मोहनराम पटेल, स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक सहदेव राम मरकाम, प्रधान पाठक मसूराम मरकाम एवं सहायक वर्ग–दो अशोक मरावी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना ने हितेश्वरी के परिवार को दिया पक्के घर का सहारा

कोण्डागांव। केशकाल के मुंगबाड़ी निवासी हितेश्वरी कौशिक का परिवार पहले कच्चे मकान में निवास करते था। सीमित संसाधनों के बीच परिवार के लिए सुरक्षित और पक्के घर का सपना लंबे समय से बना हुआ था। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्का आवास स्वीकृत होने से उनका यह सपना अब साकार हो गया है। पक्का मकान मिलने के बाद हितेश्वरी कौशिक और उनके परिवार को अब सुरक्षित एवं बेहतर आवासीय सुविधा मिल रही है। बारिश सहित मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी परिवार को पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षा और सुविधा प्राप्त हो रही है।

प्रधानमंत्री मातृत्व योजना की सहायता से अहिल्या के बच्चे का उपचार

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की कहानियां सामने आ रही हैं। ग्राम सल्फीपदर, लंजोड़ा पंचायत निवासी अहिल्या नेताम के लिए भी शासन की योजनाएं मुश्किल समय में सहारा बनी हैं। अहिल्या नेताम को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत 5,000 की सहायता राशि प्राप्त हुई। इसी दौरान उनके बच्चे को ऑपरेशन की आवश्यकता थी। अहिल्या ने बताया कि योजना से मिली राशि का उपयोग उन्होंने बच्चे के ऑपरेशन में किया। उनके लिए यह सहायता राशि कठिन समय में बड़ी राहत साबित हुई।

पॉलीटेक्निक छात्रों को नवाचार और स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोण्डागांव द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज कोण्डागांव में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज एवं जिला शिक्षा, उद्यमिता एवं स्टार्टअप विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक एवं सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के जिला नोडल अधिकारी हिमालय सेठिया के नेतृत्व में हुआ। शिविर में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की प्रबंधकध्सहायक संचालक श्रीमती कुसुमलता नेताम, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य अश्विनी कुमार खैरवार, व्याख्याता निशात कुमार एवं राजेश कुमार सहित 50 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

यादव समाज की त्रैमासिक बैठक में सामाजिक एकता एवं शिक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर



यादव समाज परिक्षेत्र मरकाटोला-कोरर की त्रैमासिक बैठक ग्राम परसोदा में जिला यादव समाज के अध्यक्ष सुदामा यादव एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में परिक्षेत्र के 22 गांवों से यादव समाज के युवक-युवतियों, महिला-पुरुषों एवं सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सामाजिक एकता, संगठन के विस्तार, शिक्षा एवं समाज के आर्थिक उत्थान सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक का शुभारंभ समाज के कुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण की आरती के साथ हुआ। इसके बाद सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। समाज में मद्यपान को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव पारित किया गया और साथ ही प्रत्येक ग्राम इकाई में प्रतिमाह बैठक आयोजित करना अनिवार्य किया गया। यह बैठक ग्राम प्रमुख अथवा समाज के वरिष्ठ सियानों की अध्यक्षता में आयोजित होगी। प्रत्येक परिवार से निर्धारित मासिक सहयोग राशि एकत्र कर समाज के आर्थिक उत्थान एवं सामाजिक गतिविधियों में उपयोग करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में समाज के आय-व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में समाज के बच्चों के शैक्षणिक उत्थान को लेकर भी चर्चा हुई। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कोचिंग, प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति बनी। परिक्षेत्र अध्यक्ष अशोक यादव ने जिला यादव समाज के समक्ष विभिन्न प्रस्ताव रखे। बैठक के दौरान संगठन विस्तार करते हुए टाकेश्वर यादव, कोकानपुर को परिक्षेत्र सचिव, शिवप्रसाद यादव, जांवरतरा को सह सचिव तथा मोहनी यादव, परसोदा को महिला प्रकोष्ठ संगठन मंत्री के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध सियान इंदल यादव, गोविंद राम यादव एवं मेहत्तर राम यादव का सम्मान किया गया। बैठक को सफल बनाने में नंदू यादव, संतोष यादव, चमन यादव, अनिल यादव, मनीराम यादव, ईश्वर यादव, मिथलेश यादव, मौरी यादव, भारत यादव, जोहन यादव, रमेश यादव, रामती यादव, तिजु यादव, सूरज यादव, टाकेश यादव, शिवप्रसाद यादव, प्रकाश यादव, उमा यदु सहित समाज के अन्य सदस्यों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव ने किया।

शिविर : विधायक आशाराम नेताम ने किया शिविर का शुभारंभ

निरंकारी मिशन के शिविर में 105 लोगों ने किया रक्तदान, मानवता को मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में सतगुरु बाबा गुरुबचन सिंह महाराज की पावन स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस महादान उत्सव में नगर के युवाओं, व्यवसायियों, सेवादारों और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 105 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर गंभीर मरीजों को जीवनदान देने का संकल्प लिया। इनमें 93 पुरुषों के साथ-साथ 12 महिलाओं की सशक्त भागीदारी आकर्षण का केंद्र रही।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में सतगुरु बाबा गुरुबचन सिंह जी महाराज की स्मृति में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित यह रक्तदान शिविर मानव सेवा और परोपकार की भावना की सच्ची मिसाल है। रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिसके माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान दिया जा सकता है। उन्होने कहा कि समाज में रक्त की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। ऐसे में रक्तदान शिविरों का आयोजन जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण साबित होता है। रक्तदान को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। समाज के प्रबुद्ध नागरिक, युवा और मातृशक्ति जब ऐसे सेवा अभियानों में आगे आकर अपनी भागीदारी निभाते हैं, तो इससे अन्य लोग भी प्रेरित होते हैं। उन्होंने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि स्वेच्छा से किया गया रक्तदान समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना का परिचायक है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने भी अपने विचार रखे।

संयोजक ने जताया आभार

शिविर के संयोजक राजा देवनानी ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं, स्वास्थ्य कर्मियों और सेवादारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता। यह केवल एक इंसान ही दूसरे इंसान को दे सकता है। मिशन लगातार ऐसे सेवा शिविरों के जरिए समाज में समरसता और करुणा का संचार कर रहा है।


जनप्रतिनिधियों ने भी किया रक्तदान

आयोजित शिविर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया और भाजपा जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर समेत कई प्रतिष्ठित व्यापारियों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के युवा साथियों ने रक्तदान कर समाज के सामने मिसाल पेश की। इस पुनीत कार्य में केवल संदेश ही नहीं दिया गया, बल्कि जिम्मेदारों ने खुद आगे आकर रक्तदान किया।

तकनीकी टीम का रहा सहयोग

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर को सफल बनाने में कोमलदेव जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की तकनीकी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। टीम के सदस्यों ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं की आवश्यक जांच की तथा सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से रक्त संग्रहण की प्रक्रिया पूरी कराई। रक्तदान के दौरान स्वास्थ्य मानकों और सुरक्षा नियमों का विशेष ध्यान रखा गया। तकनीकी टीम की तत्परता से रक्तदाताओं को बेहतर सुविधा मिली और शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य सुचारू रूप से हुआ।

बिजली दरों और स्मार्ट मीटर पर कांग्रेस का जनजागरण अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बढ़ती बिजली दरों एवं स्मार्ट मीटर के मुद्दे को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण एवं जनसंपर्क अभियान के तहत कोंडागांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से ग्राम मालगांव में अभियान का समापन एवं सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोंडागांव के अध्यक्ष संजय करन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के स्मार्ट मीटर अभियान प्रभारी एवं जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम की उपस्थित रही। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने दोनों नेताओं का स्वागत किया।

सभा में श्री जैन ने कहा कि बिजली प्रत्येक परिवार की मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने बिजली दरों में बढ़ोतरी एवं स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच सामने आ रही चिंताओं को गंभीरता से लेने की बात कही। उन्होंने बताया कि कांग्रेस आम उपभोक्ताओं की समस्याओं को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनसंपर्क अभियान चला रही है। अभियान के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांव–गांव और घर–घर पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं से संवाद किया। इस दौरान स्मार्ट मीटर एवं बिजली दरों से जुड़ी उपभोक्ताओं की समस्याओं और आपत्तियों की जानकारी ली गई। कांग्रेस की ओर से कोंडागांव में वार्ड स्तर पर भी उपभोक्ताओं से फॉर्म भरवाकर उनकी राय एवं समर्थन दर्ज कराने का अभियान चलाए जाने की जानकारी दी गई। सभा मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस का यह अभियान बिजली से जुड़े मुद्दे पर आम जनता के साथ जनसंवाद और जनजागरूकता के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सामने लाने का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

सरपंच की संदिग्ध मौत, शरीर पर चोट के निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मोहपाल के सरपंच मंगल सिंह मरकाम 56 की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। बुधवार सुबह मंगल सिंह गांव के तालाब के पास संदिग्ध अवस्था में मिले। परिजन उन्हें तत्काल फरसगांव अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के शरीर पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। वहीं घटनास्थल पर खून के निशान और संघर्ष के संकेत मिलने से मामला और संदिग्ध हो गया है। घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर उनकी बाइक मिली, जबकि खेत किनारे रॉड और डंडे भी पड़े मिले। मृतक के पुत्र विक्रम के अनुसार, मंगल सिंह मंगलवार शाम करीब 6 बजे पंचायत कार्यालय जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटे। बुधवार सुबह तालाब के पास उनके संदिग्ध अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली, जिसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले गए।

हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

शरीर पर चोट के निशान और घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए परिजनों ने जानलेवा हमला कर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सूचना पर बड़ेडोंगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फरसगांव एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। फिलहाल पुलिस हत्या, मारपीट और घटना के पीछे संभावित रंजिश समेत विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। मृतक के परिजनों ने घटना में शामिल लोगों की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर जल्द ही मामले की स्थिति स्पष्ट की जाएगी।



वॉशरूम में पानी भरने से छात्राएं हैं परेशान

भानुप्रतापपुर। महाविद्यालय के गर्ल्स वॉशरूम में पानी जमा होने से छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं का कहना है कि वॉशरूम की साफ-सफाई और पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण समस्या लगातार बनी हुई है।

छात्राओं ने बताया कि इस संबंध में महाविद्यालय प्रबंधन से लगातार शिकायत की जा रही है। समस्या के फोटो और वीडियो भी उनके पास मौजूद हैं। छात्राओं ने प्रबंधन से वॉशरूम की तत्काल साफ-सफाई, पानी की निकासी तथा आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है।

योजनाओं से मिला आर्थिक संबल पंचमी ने संजोया बेटी का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



शहर के तहसीलपारा निवासी पंचमी कुलदीप ने शासकीय योजनाओं से मिली सहायता राशि का उपयोग अपनी जरूरतें पूरी करने के साथ बेटी के भविष्य के लिए बचत करने में किया है। पंचमी कुलदीप को पहली संतान के जन्म के समय प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 5 हजार की आर्थिक सहायता मिली। इस राशि से परिवार को मातृत्व से जुड़ी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में आर्थिक मदद मिली। दूसरी संतान के रूप में बेटी के जन्म पर पंचमी को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 6 हजार की सहायता राशि प्राप्त हुई। उन्होंने इस राशि को तत्काल खर्च करने के बजाय बेटी के भविष्य के लिए बचत करने का निर्णय लिया और पूरी राशि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी के नाम जमा कर दी। पंचमी का कहना है कि बेटी के भविष्य के लिए अभी से बचत करना जरूरी है। आज की छोटी–सी बचत आगे चलकर बेटी की पढ़ाई, उच्च शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं में काम आ सकती है। इसी सोच के साथ उन्होंने मातृ वंदना योजना की राशि को बेटी के नाम सुरक्षित किया। पंचमी कुलदीप को छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। यह राशि उनके लिए नियमित आर्थिक संबल का माध्यम बनी हुई है। वे अपनी जरूरत के अनुसार इस राशि का उपयोग करने के साथ बचत का भी प्रयास करती हैं।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड में शैक्षणिक योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर मंगलवार को विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड के सभी नौ संकुल केंद्रों के संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठक शामिल हुए।

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मडावी ने विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र के लिए किए गए आवेदनों तथा कार्यालय में जमा प्रपत्रों की स्थिति की जानकारी ली गई। इसके साथ ही विद्यालयवार अपार पहचान पत्र की अद्यतन स्थिति और छात्रवृत्ति से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारियों पर विशेष जोर देते हुए संकुल स्तर पर नियमित प्रशिक्षण एवं विशेष अध्ययन कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों की तैयारी का आकलन करने के लिए प्रत्येक सप्ताह नियमित परीक्षा आयोजित करने तथा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप अध्यापन के साथ निरंतर अभ्यास कराने पर जोर दिया गया। बैठक में यू-डाइस प्लस पोर्टल पर विद्यालय, विद्यार्थी, शिक्षक एवं विद्यालयीन सुविधाओं से संबंधित जानकारी के अद्यतन कार्य की भी समीक्षा की गई। लंबित जानकारी को शीघ्र अपडेट करने के निर्देश दिए गए। वहीं शाला अनुदान के उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने की स्थिति की जानकारी लेकर शेष विद्यालयों को आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरी करने कहा गया।

बैठक में विभागीय कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने, विद्यार्थियों के अभिलेख अद्यतन रखने तथा शासन की शैक्षणिक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संकुल प्राचार्य प्रकाश गोस्वामी, बाबूलाल कोमरा एवं हेमंत श्रीवास्तव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



पुलिस का उजियारा अभियान 19 लीटर अवैध शराब जब्त

कांकेर। उजियारा अभियान के तहत कांकेर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चारामा थाना क्षेत्र में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। ग्राम उडकुड़ा गायतापारा से ज्योति निषाद के कब्जे से 15.400 बल्क लीटर तथा ग्राम पुरी से धनश्याम धनकर के कब्जे से 3.890 बल्क लीटर शराब बरामद की गई। दोनों मामलों में आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। कार्रवाई थाना चारामा पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की।

सोलर तकनीकी कोर्स की काउंसिलिंग आज

कांकेर। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में 30 सीटों में सोलर पैनल इंस्टालेशन तकनीशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार प्रशिक्षण के लिए 01 अक्टूबर को लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। जिले के ऐसे युवा जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है और जो सोलर पैनल तकनीशियन के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ना चाहते हैं, वे काउंसलिंग में शामिल होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लाना आवश्यक है। इच्छुक युवा निर्धारित तिथि एवं समय पर लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर पहुंचकर काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान में रोपे पौधे



दुर्गूकोंदल। गोयल ग्रुप द्वारा संचालित स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान 14 वें दिन भी लगातार जारी रहा। अभियान के तहत गोयल ग्रुप की खदान परिसर में एक वृक्ष मां के नाम पहल के अंतर्गत 50 फलदार एवं इमारती प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद ग्रुप के स्वच्छता प्रहरियों ने दुर्गूकोंदल स्थित कचरा पृथक्करण केंद्र पहुंचकर परिसर में फैली गंदगी की साफ-सफाई की।

दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 वर्ष की सजा

कांकेर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) भानुप्रतापपुर दीपक के. गुप्ता ने आरोपी 24 वर्षीय हर्षित उर्फ लालू चौहान को दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 11 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में विशेष अपर लोक अभियोजक टीएस यादव ने प्रभावी पैरवी की।

सेवा संकल्प : भिरौद के नन्हे सितारों ने ब्लाक प्रतियोगिता जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी और स्वच्छता के संदेश से प्रेरित 'सेवा संकल्प 2026' एवं 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के तहत आयोजित विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में शासकीय प्राथमिक शाला भिरौद, संकुल भैसमुंडी (गागरु) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल और गांव का नाम रोशन किया।

भाषण प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी के छात्र प्रह्लाद वट्टी ने 'स्वच्छ भारत' विषय पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए संदेश दिया कि स्वच्छता की शुरुआत अपने गांव और अपने विद्यालय से की जानी चाहिए। उनके वक्तव्य ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।



चित्रकला प्रतियोगिता में रिंकी मानिकपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिंकी ने अपनी चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता और स्वच्छ वातावरण का संदेश प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि से विद्यालय परिवार और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों की इस सफलता में शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रधानपाठक दलेश्वरी सिन्हा ने विद्यार्थियों को लगातार मार्गदर्शन देते हुए उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानपाठक प्रेमसिंह नेताम ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं संकुल शैक्षिक समन्वयक कौशल मंडावी और सहायक शिक्षक हेमा ठाकुर ने प्रतियोगिता की तैयारियों में सहयोग किया। दोनों विद्यार्थियों की सफलता की जानकारी मिलने के बाद ग्राम पंचायत उपसरपंच संतोष नायक, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश सूर्यवंशी, उच्च श्रेणी शिक्षक कमलराम मंडावी, शिक्षक गणराज शोरी, गोविंद पटेल एवं सहायक शिक्षक पुष्पांजली साहू ने उनका अभिनंदन किया।

सेवा संकल्प, आंगन मिलन सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

सेक्टर हाटकर्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकर्रा, तुएगुहान, बासकुंड एवं हेटारकसा में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन, कार्यकर्ता-सहायिका एवं मितानिन सम्मान समारोह तथा राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद पर्यवेक्षक अनुसूईया साहू ने 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि सरोज मरकाम ने स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किशोरी बालिकाओं को कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण, बच्चों एवं गर्भवती माताओं की विशेष देखभाल तथा रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री के उपयोग के संबंध में जानकारी दी। राधाबाई दर्रो ने पंचायत को बाल विवाह एवं कुपोषण से मुक्त बनाने के लिए समुदाय की सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक सब्जियों का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा कम उम्र में विवाह नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को उनके कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को पोषण, स्वास्थ्य, बालिका शिक्षा एवं शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में सुनीता देहाती, सगुन राम उईके, सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आमसभा में किसानों से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

दुर्गूकोंदल लैंपस की आमसभा में बिदे सिंह अध्यक्ष हुए निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दुर्गूकोंदल में गुरुवार को आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के सदस्यों, किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। आमसभा में समिति के कामकाज, वित्तीय गतिविधियों, किसानों से जुड़े विषयों और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी दौरान अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हुई, जिसमें बिदेसिंह कल्लो को समिति का नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुना गया।

आमसभा में समिति प्रबंधक ने वार्षिक आय-व्यय का विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्षभर समिति द्वारा किए गए कार्यों, वित्तीय गतिविधियों और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी दी।



सदस्यों ने समिति के संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की और किसानों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। अध्यक्ष पद के निर्वाचन के बाद समिति के सदस्यों एवं किसानों ने बिदेसिंह कल्लो को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्लो ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सहकारी समिति किसानों से सीधे जुड़ी महत्वपूर्ण संस्था है। समिति के माध्यम से किसानों को विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने किसानों के हितों को प्राथमिकता देने तथा समिति के कार्यों में पारदर्शिता, बेहतर समन्वय और समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देने की बात कही। आमसभा के दौरान किसानों ने समिति से जुड़ी अपनी अपेक्षाएं और समस्याएं भी रखीं। उन्होंने आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, समिति के कामकाज को व्यवस्थित बनाने तथा किसानों को सेवाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई।



विधायक सावित्री ने कांग्रेस छग प्रभारी भगत से की भेंट

दुर्गूकोंदल। नई दिल्ली प्रवास के दौरान भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी एवं लोकसभा सांसद सुखदेव भगत से उनके आवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन से जुड़े विषयों के साथ भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा हुई।

कालेज की समस्याओं से प्राचार्य को अभाविप ने कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई चारामा ने शासकीय शहीद गेंद सिंह महाविद्यालय जैसकर्रा में छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर महाविद्यालय प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। नगर मंत्री वेदव्यास सिन्हा के नेतृत्व में अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की।

ज्ञापन में अभाविप ने छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और जिम सहित कई विषयों को उठाया। अभाविप पदाधिकारियों का कहना है कि इन समस्याओं के कारण विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। अभाविप नगर मंत्री वेदव्यास सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि छात्राओं के प्रसाधन कक्ष का दरवाजा खराब होने तथा सैनिटरी मशीन के काम नहीं करने का मुद्दा ज्ञापन में प्रमुखता से उठाया गया है। अभाविप ने महाविद्यालय के शौचालयों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा परिसर और मैदान में पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखने की मांग की। संगठन के अनुसार, स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होने से विद्यार्थियों को सुविधाजनक वातावरण मिल सकेगा। इसके अलावा पुस्तकालय में सेमेस्टर की आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रयोगशाला में प्रायोगिक कार्य के लिए आवश्यक रसायन उपलब्ध कराने तथा बंद पड़े जिम को विद्यार्थियों के लिए शुरू करने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से रखी गई। नगर मंत्री वेदव्यास सिन्हा ने महाविद्यालय प्रशासन से सभी समस्याओं का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान तृप्ति राजपूत, टीना साहू, भावना तारम, अंकिता साहू, मधु नेताम, लीना साहू, काजल सिन्हा सहित अन्य छात्राएं एवं अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हिंदी केवल अभिव्यक्ति की भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति की पहचान भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर में 17 सितंबर को हिन्दी दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध विरासत, वैश्विक विस्तार और रोजगार के क्षेत्र में बढ़ती उपयोगिता पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने हिन्दी भाषा के संदर्भ में विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। छात्र आदर्श मिश्रा ने स्वरचित कविता प्रस्तुत की। ख्याति सेन, राशि रॉय, प्राची दुबे एवं उम्मे हानी ने भाषण के माध्यम से हिन्दी भाषा के महत्व और उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता डॉ. स्वामी राम बंजारे ने हिन्दी को राजभाषा का दर्जा मिलने से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों की जानकारी दी। उन्होंने हिन्दी की वैश्विक उपस्थिति और व्यापक स्वीकार्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी ने विभिन्न भाषाओं के शब्दों को सहजता से आत्मसात कर अपनी शब्द-संपदा को समृद्ध किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिन्दी के प्रति सम्मान और गौरव की भावना बनाए रखने तथा दैनिक जीवन में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. विजय कुमार साहू ने हिन्दी के महत्व और रोजगार के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आभा श्रीवास्तव रहीं। संचालन सत्यप्रिया जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. शर्मिष्ठा शेखर सींग ने किया। महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं सार्थक रहा।

संभाग, जिला एवं ब्लाक स्तर होंगे बस्तर ओलंपिक, पंजीयन जरूरी

कांकेर। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, उनकी रचनात्मकता एवं खेल प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर ओलंपिक 2026 का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कांकेर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में भी प्रतियोगिता का व्यापक आयोजन किया जाएगा।

बस्तर ओलंपिक में जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष आयु के बालक-बालिकाएं तथा सीनियर वर्ग में महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं पुनर्वासित सदस्यों की प्रतिभागिता सीधे संभाग स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए 01 से 30 अक्टूबर 2026 तक पंजीयन किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत एवं कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी, जबकि जिला स्तर पर कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, इंडोर स्टेडियम भवन कांकेर तथा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर में पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन भी किया जा सकेगा। बिना पंजीयन के किसी भी प्रतिभागी को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। पंजीयन के लिए आधार कार्ड अथवा वोटर आईडी तथा स्वयं के बैंक खाते की जानकारी देना अनिवार्य होगा। बैंक विवरण में नाम, पता, पिता का नाम, खाता क्रमांक एवं आईएफएससी कोड आवश्यक है।

आंगन मिलन उत्सव में बच्चों की सेहत और पोषण पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत गुदुम के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से ग्रामीण समुदाय को जोड़ना तथा बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित गतिविधियों में जनभागीदारी को बढ़ावा देना रहा।

आंगन मिलन उत्सव के दौरान बच्चों के परिजनों, ग्रामीणों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद हुआ। ग्रामीणों ने केंद्रों में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा बच्चों के बेहतर पोषण, स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान बच्चों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन भी किया गया। जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण और संस्कार की आधारशिला हैं। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए परिवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और समाज को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। गुदुम-1 केंद्र में संतोषी, गुदुम-2 में दुलारी, फित्तेफूलचूर-1 में निर्मला नरेटी, फित्तेफूलचूर-2 में मोतिन मंडावी, धनवाफूलचूर-1 में सावित्री जैन तथा धनवाफूलचूर-2 में राजबत्ती जैन की सहभागिता रही।

गुरुवंडी बैठक में 3 की रैली पर रणनीति तय

दुर्गूकोंदल। ग्राम गुरुवंडी में सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 3 अक्टूबर को कोंडागांव में प्रस्तावित रैली एवं महाप्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। समाजजनों ने 27 प्रतिशत आरक्षण, जातिगत जनगणना, उचित प्रतिनिधित्व एवं संवैधानिक अधिकारों को लेकर एकजुटता का आह्वान किया। गांव-गांव संपर्क कर लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनाई गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने बाइक को ठोंका, युवक का टूटा पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की जिंदगी पलभर में बदल गई। गोकुल धाम श्रीराम नगर के पास पीछे से आई फॉर्च्यूनर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीछे बैठे युवक का पैर बुरी तरह टूट गया और पंजे में गंभीर चोटें आईं। घायल का इलाज अब मुरादाबाद में जारी है। मामले में वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराई गई है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे मो. फिरोज ने पुलिस को बताया कि वह अपने छोटे भाई मो. बिलाल के साथ स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीआर 6450 से घर नाश्ता लेकर जा रहे थे। इसी दौरान गोकुल धाम श्रीराम नगर के पास पीछे से आ रही फॉर्च्यूनर वाहन



के चालक ने तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उस पर पीछे बैठे मो. बिलाल को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना में बिलाल का दाहिना पैर बुरी तरह टूट गया तथा पैर के पंजे में भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाने के मामले में कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 22 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को प्रार्थिया ने थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी ने प्रेमजाल में फंसाया। नाबालिग होने की जानकारी के बावजूद आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए तथा अलग-अलग अवसरों पर एक से अधिक बार उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। प्रार्थिया की शिकायत पर थाना कांकेर में धारा 64(1), 64(2)(एम), 89 बीएनएस एवं धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, एएसपी योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस हरीश पाटील एवं डीएसपी प्रतिभा लहरे के पर्यवेक्षण में आरोपी की पतासाजी की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी राजापारा कांकेर निवासी 22 वर्षीय अरमान मेमन पिता याशीन मेमन को तलब कर पूछताछ की।

